भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2360
दिनांक 13.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

गुजरात में स्वच्छ भारत मिशन

2360. श्री विनोद लखमशी चावड़ाः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) कच्छ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित गुजरात को विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आवंटित निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुरू की गई पहलों, पूर्ण किए गए कार्यों और प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क): स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (ग्रामीण)] के अंतर्गत निधियां राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी की जाती हैं। पिछले 5 वर्षों और चालू वर्ष में एसबीएम (जी) के तहत गुजरात राज्य को जारी केंद्र हिस्से की निधि निम्नानुसार है:

करोड़ रुपये में

वित्त वर्ष	**जारी की गई निधियाँ**
2019-20	238.45
2020-21	312.56
2021-22	171.37
2022-23	53.63
2023-24	109.61
2024-25 (10.03.2025 तक)	150.00
कुल	**1035.62**

(ख): सरकार ने 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] शुरू किया था, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालयों तक पहुंच प्रदान करके 2 अक्टूबर 2019 तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों (जनजातीय क्षेत्रों सहित) को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाना था। गुजरात सहित देश के सभी गांवों ने पहले ही 02.10.2019 तक स्वयं को खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया था। ओडीएफ के परिणाम प्राप्त करने के बाद, एसबीएम (जी) के चरण-II को 2020-21 से 2025-26 की अवधि के दौरान ओडीएफ स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने और सभी गांवों को ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन से कवर करने अर्थात गांवों को ओडीएफ से ओडीएफ प्लस (मॉडल) में परिवर्तित करने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। यह योजना गुजरात और कच्छ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है। गुजरात के 17,971 गांवों में से अब तक 17,752 गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस (उदीयमान-3,622, उज्ज्वल-929, उत्कृष्ट-13,201) घोषित किया गया है। कच्छ जिले के 898 गांवों में से अब तक 897 गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस (उदीयमान-121, उज्ज्वल-47, उत्कृष्ट-729) घोषित किया जा चुका है।

*****